**मुख्य समाचार :–**

- शासन ने चार जिलों के 10 विद्यालयों में निर्माण और मरम्मत कार्यों के लिए धनराशि स्वीकृत की।
- आपदाग्रस्त क्षेत्रों के भूगर्भीय परीक्षण के लिये गठित समिति ने पौड़ी जिले के प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया।
- चमोली जिले में नंदा लोकजात यात्रा शुरू; 15 दिनों तक विभिन्न पड़ावों से होकर नंदा सप्तमी के दिन बालपाटा और बेदनी कुंड में होगी संपन्न।
- प्रदेश में बारिश का दौर जारी; देहरादून, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में आज भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट।

**विद्यालयों का कायाकल्प**

शिक्षा विभाग राज्य में जर्जर हो चुके विद्यालयों का कायाकल्प करेगा। विभागीय मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने 'सी' श्रेणी में चिन्हित चार जिलों के 10 विद्यालयों में निर्माण और मरम्मत कार्यों के लिए 14 करोड़ 39 लाख रुपये की स्वीकृति दी है। इनमें टिहरी, पौड़ी, देहरादून और ऊधमसिंह नगर के विद्यालय शामिल हैं। मरम्मत कार्यों की जिम्मेदारी सिंचाई विभाग और ग्रामीण निर्माण विभाग को सौंपी गई है। टिहरी जिले में राजकीय इंटर कॉलेज नकुर्ची को 2 करोड़ 77 लाख, न्यूली अकरी को 1 करोड़ 59 लाख, लम्बगांव को 2 करोड़ 53 लाख और राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पिन्सवाड़ को 2 करोड़ 35 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। देहरादून के राजकीय इंटर कॉलेज जस्सोवाला को 3 करोड़, ऊधमसिंह नगर के राजकीय इंटर कॉलेज बरहैनी को 96 लाख, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पूरनपुर को 59 लाख और गदरपुर के जगदीशपुर विद्यालय को 15 लाख रुपये स्वीकृत हुए हैं। वहीं पौड़ी जिले के राजकीय इंटर कॉलेज सिलोगी, द्वारीखाल को 43 लाख की मंजूरी दी गई है। 'सी' श्रेणी के अंतर्गत चिन्हित विद्यालयों में कक्षा–कक्ष, पुस्तकालय, प्रयोगशालाएं, कंप्यूटर कक्ष, शौचालय, एमडीएम किचन सहित पुराने भवनों की मरम्मत कराई जाएगी। इसके अलावा हरिद्वार, अल्मोड़ा और नैनीताल जनपद के अंतर्गत 'डी' श्रेणी में चिन्हित छह पूरी तरह क्षतिग्रस्त विद्यालयों के लिए भी कार्यदायी संस्थाएं नामित कर दी गई हैं। इन स्कूलों में भी नए भवनों के निर्माण कार्य किए जाएंगे।

**राजमार्ग बाधित**

उत्तरकाशी जिले में गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पिछले 12 दिनों से बंद है। पांच अगस्त को धराली–हर्षिल में आई बाढ़ के बाद से डबरानी, सोनगाड़, लोहारीनाग, हर्षिल और धराली में लगातार मलबा आने और भू–धंसाव के कारण सड़क यातायात बाधित है। जिलाधिकारी प्रशांत आर्या ने बताया कि बीआरओ लगातार सड़क खोलने के प्रयास में जुटा है और गंगोत्री तक मार्ग खोलने में चार दिन और लग सकते हैं। सड़क बंद होने से धराली में राहत और बचाव कार्य प्रभावित हुए हैं। नेताला तक मार्ग खुला है, लेकिन यहां भी मलबा आने से बाधा बन रही है। प्रभावित क्षेत्रों में जरूरी सामान हेलीकॉप्टर के माध्यम से पहुंचाया जा रहा है। इस बीच, हर्षिल में बनी अस्थायी झील से पानी की निकासी शुरू हो गई है। जिलाधिकारी प्रशांत आर्या ने बताया कि झील के मुहाने से पानी का प्रवाह सुचारू रूप से जारी है और तत्काल किसी बड़े खतरे की आशंका नहीं है।

हर्षिल हेलीपैड के पास भागीरथी नदी पर बनी करीब चार किलोमीटर लंबी इस झील में गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग का हिस्सा डूबा हुआ है। उत्तराखंड जल विद्युत निगम और सिंचाई विभाग की टीमें लगातार झील से धीरे–धीरे पानी निकालने का प्रयास कर रही हैं। प्रशासन झील की स्थिति पर लगातार निगरानी रख रहा है।

**भूगर्भीय निरीक्षण**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर पौड़ी जिले के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का भूगर्भीय निरीक्षण किया गया। गठित समिति ने 12 से 15 अगस्त तक तहसील पौड़ी और चौबट्टाखाल के सैंजी, कलगड़ी, बुरांसी, कोटा, क्यार्द, कलूण और रैदुल गांवों सहित अन्य प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय दौरा किया।

भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की तीन सदस्यीय टीम में डॉ. अमित गौरव, डॉ. कृष्ण सिंह सजवाण और रुचि गोदियाल शामिल रहे। समिति ने पाया कि क्षति मुख्य रूप से तीव्र ढाल वाले क्षेत्रों, जल स्रोतों, नालों और गैप वाली चट्टानों के पास हुई है, जहां आवासीय भवन और कृषि भूमि को अतिवृष्टि से भारी नुकसान पहुंचा है। निरीक्षण के आधार पर सुरक्षा और पुनर्वास संबंधी विस्तृत रिपोर्ट शासन और प्रशासन को भेजी जाएगी।

इसी बीच, बुआखाल– धुमाकोट–रामनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पाबो के पास कलगड़ी में बेली ब्रिज का निर्माण तेजी से जारी है। हाल ही में आई बाढ़ से वर्ष 1970 में बना यह मोटर पुल ध्वस्त हो गया था। नए 45 मीटर लंबे बेली ब्रिज के निर्माण से पैठाणी, थलीसैंण, चाकीसैण, त्रिपालीसैण, भरसार, बीरोंखाल और धुमाकोट क्षेत्र फिर से जिला मुख्यालय और रामनगर से सड़क मार्ग से जुड़ जाएंगे। जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया ने बताया कि पुल का निर्माण युद्ध स्तर पर हो रहा है और अगले दो–तीन दिनों में छोटे वाहनों की आवाजाही शुरू होने की उम्मीद है।

**एशियन ओपन शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग ट्रॉफी**

भारत पहली बार शीतकालीन खेलों की सबसे बड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता की मेज़बानी करने जा रहा है। एशियन ओपन शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग ट्रॉफी 2025 का आयोजन 20 से 23 अगस्त तक राजधानी देहरादून के रायपुर स्थित महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में किया जाएगा। आई.एस.ए.आई अध्यक्ष अमिताभ शर्मा के अनुसार, इस ऐतिहासिक प्रतियोगिता में भारत सहित 11 से अधिक एशियाई देश– चीन, जापान, हांगकांग, इंडोनेशिया, सिंगापुर, थाईलैंड, चीनी ताइपे, वियतनाम, मलेशिया और फिलीपींस भाग लेंगे। खिलाड़ी 222 मीटर स्प्रिंट से लेकर 5000 मीटर रिले तक की 9 विभिन्न स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

**नंदा लोकजात यात्रा**

चमोली जिले में नंदा लोकजात यात्रा की विधिवत शुरुआत हो गई है। कुरुड़ सिद्ध पीठ मंदिर से माँ नंदा की डोली कैलाश के लिए रवाना हुई, इस दौरान भक्तों ने नम आंखों से विदाई दी। यह यात्रा 15 दिनों तक विभिन्न पड़ावों से होकर नंदा सप्तमी के दिन बालपाटा और बेदनी कुंड में समाप्त होगी। यात्रा पुजारियों और ग्रामीणों के सहयोग से आयोजित की जाती है। पुजारी मंशा राम गौड़ ने बताया कि यात्रा हर साल कुरुड़ सिद्ध पीठ मंदिर से शुरू होकर कई गांवों से गुजरती है, जहाँ भक्त माँ का आशीर्वाद लेते हैं

**मौसम**

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में बारिश का दौर जारी है। लगातार हो रही बारिश से पर्वतीय क्षेत्रों में कई स्थानों पर सामान्य जन जीवन प्रभावित हुआ है। भूस्खलन के कारण कईं स्थानों पर सड़क मार्ग आवागमन के लिये बाधित हैं, वहीं, विभिन्न स्थानों पर भारी बारिश के कारण आवासीय भवनों को भी क्षति पहुंची है। इसके अलावा, राज्य के प्रमुख नदियां ऊफान पर हैं। इस बीच, मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी बारिश का यह दौर जारी रहने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज प्रदेश में कईं स्थानों में मूसलाधार बारिश हो सकती है। विभाग ने देहरादून, पिथौरागढ़ और बागेश्वर

ज़िले में कहीं–कहीं भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अतिरिक्त, राज्य के अन्य हिस्सों में भी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

**एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर.....**

उत्तराखंड में बारिश से हो रहे नुकसान की खबर को सभी प्रमुख समाचार पत्रों ने स्थान दिया है। हिंदुस्तान समाचार पत्र का शीर्षक है उत्तराखंड में दंपति समेत पांच बहे; तीन के शव बरामद; दो की तलाश जारी। वहीं अमर उजाला ने लिखा है पहाड़ों पर बारिश से नदियां उफनाई चार लोग बहे। बाजपुर में दो की मौत, ऋषिकेश में दो लापता।

श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव की ख़बर पर हिंदुस्तान समाचार पत्र लिखता है– जन्मे कृष्ण कन्हाई, घर–घर मंदिर में गूंजी बधाई, श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर उत्साहित श्रद्धालु ने लगाए जयकारे।